# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

## BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR

धरमपुरा–2, जगदलपुर जिला – बस्तर (छ.ग.) भारत 494001
Dharampura-2 Jagdalpur, Distt.-Bastar (C.G) India 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक /797/अका./ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 10/11/2020

## //अधिसूचना//

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा आयोजित सत्र 2019–20 की स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाओं बी.एच.एस.सी. भाग–तीन, बी.एस–सी. भाग–तीन एवं बी.सी.ए. भाग–तीन के परिणाम दिनांक 09.11.2020 को परीक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया है। छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2020–21 के लिए जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत की कंडिका 2.2 के अनुसार स्नातक प्रथम वर्ष के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं में प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर किया जाना है।

अतः **सत्र 2020–21 में विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं में संचालित एलएल.बी., समस्त स्नातकोत्तर एवं पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल www.bvvjdpexam.in में छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 10.11.2020 से प्रारंभ किया जाता है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेत प्रथम चरण में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की तिथि दिनांक 10.11.2020 समय अपरान्ह 15.00 बजे से दिनांक 19.11.2020 समय अपरान्ह 23.59 बजे तक निर्धारित किया जाता है।**

प्रथम चरण में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले छात्र–छात्राओं की सूची महाविद्यालय पोर्टल से दिनांक 21.11.2020 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से डाउनलोड कर सकेंगे और प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के प्रावधानों के अनुसार पाठ्यक्रमों/विषयों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में स्वीकृत सीट संख्या के विरूद्ध छ.ग.शासन के आरक्षण नियमों का पालन करते हुए गुणानुक्रम के आधार पर मेरिट/चयन सूची जारी कर नियमानुसार दिनांक 24.11.2020 तक प्रवेश दे सकेंगे। ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क, आवेदन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक त्रुटि सुधार शुल्क सहित 25/– (पच्चीस रूपये) निर्धारित है। ऑनलाईन भुगतान हेतु बैंक द्वारा लिया जाने वाला ट्रान्जेक्शन शुल्क उक्त राशि में सम्मिलित नहीं है।

समस्त संबद्ध महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना, महाविद्यालय से संबंधित जानकारी, कार्यरत शिक्षकों की जानकारी, संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित एवं उपलब्ध सीट/छात्र संख्या, पाठ्यक्रम की अवधि (वर्ष/सेमेस्टर), प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता आदि का विवरण सहित अन्य सुसंगत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे, ताकि वर्तमान में कोविड–19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में उपरोक्तानुसार जानकारी प्राप्त करने हेतु छात्र–छात्राओं एवं उनके परिजनों/अभिभावकों को महाविद्यालय आना ना पड़े। विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमों के संबंध में उपरोक्तानुसार जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। यदि छात्र–छात्राऍ और उनके परिजन/अभिभावक महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में प्रवेश प्रक्रिया आदि की जानकारी हेतु आते/जाते हैं तो संबंधितों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव/रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु छ.ग.शासन एवं संबंधित जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना करना अनिवार्य होगा।

P.L.Ydv. Letter Sep.2019-20/PG_578

10.11.2020

सत्र 2020–21 के लिए उच्च शिक्षा विभाग अथवा उच्च शिक्षा संचालनालय से प्राप्त प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड है, जिसका अवलोकन कर प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं संबंधित पाठ्यक्रम के अध्यादेश के प्रावधानों का पालन करते हुए नियमानुसार प्रवेश की कार्यवाही करेंगे।
(माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार)

10/11/2020

**कुलसचिव**
**बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)**

पृ.क्रमांक /798/अका./ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 10/11/2020
प्रतिलिपि :–

01. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
02. माननीय कुलपति महोदय, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
03. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
04. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,ब्लॉक–सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
05. संभाग आयुक्त, बस्तर संभाग, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
06. कलेक्टर, जिला–बस्तर/कोण्डागॉव/कांकेर/नारायणपुर/दन्तेवाड़ा/बीजापुर/सुकमा की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
07. प्राचार्य, संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. समस्त विभाग प्रमुख/विभागाध्यक्ष, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सम्पादक, स्थानीय/लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मिडिया ................ .................................................... की ओर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्रहित में इस अधिसूचना को समाचार/विज्ञप्ति के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करेंगे।

10.11.2020

**सहायक कुलसचिव (अकादमिक)**
**बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.)**